**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन, जयपुर**

**विश्व पर्यावरण दिवस पर राज्यपाल ने किया प्लास्टिक का उपयोग घटाने का आह्वान**

जयपुर/ माउंट आबू, 4 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) के अवसर पर प्लास्टिक का उपयोग घटाने, अधिकाधिक पेड़ लगाने सहित पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली अपनाने पर बल दिया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम चक्र पर पड़ रहे विपरीत प्रभाव और प्रदूषण को कम करने के लिए जागरूकता लाने को महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने सभी से वन, वन्यजीव एवं पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लेने का आह्वान किया है।

**पर्यावरण संरक्षण सप्ताह की शुरुआत करेंगे राज्यपाल**

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोमवार को माउंट आबू में पौधारोपण कर वन विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित पर्यावरण संरक्षण एवं पौधारोपण सप्ताह की शुरुआत करेंगे।

----